उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपकम)
U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ।

संख्याः 291–पारे0अनु0–16/पाट्राकालि–2019–20/2009

दिनांकः 31 जनवरी, 2019

समस्त मुख्य अभियन्ता (स्तर–I/II),
उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0,
मेरठ/आगरा/इलाहाबाद/लखनऊ।

विषयः विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन (उ0प्र0) के 40वें महाधिवेशन हेतु सदस्यों को विशेष अवकाश की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

मुझे यह अवगत कराने का निदेश हुआ है कि विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन (उ0प्र0) के केन्द्रीय अध्यक्ष, ने यह सूचित किया है कि उनके संगठन का 40वॉं महाधिवेशन दिनॉक 07 एवं 08 फरवरी, 2019 को एवं कार्यकारिणी की बैठक दिनॉक 09 फरवरी, 2019 को रवीन्द्रालय, चारबाग, लखनऊ में आयोजित होगा। उन्होंने अनुरोध किया है कि उनके संगठन के सदस्यों को उक्त तिथियों का "विशेष अवकाश" प्रदान किया जाए।

संगठन के उपरोक्त आग्रह के संदर्भ में सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि पूर्ववर्ती परिषद् के आदेश सं0–3488बी/एसईबी/एस–17(8एच)/78 दिनॉक 05.12.1983 में निहित प्राविधानों के अनुसार कार्मिकों द्वारा किये जा रहे कार्य की आवश्यकता/आकस्मिकता को ध्यान में रखते हुए जिसके लिए अवकाश प्रदान करने वाले सम्बन्धित नियंत्रक अधिकारी एक मात्र निर्णायक होंगे। उन सदस्यों को, जो अधिवेशन में भाग लेने हेतु इच्छुक हो, को दिनांक 07–08 फरवरी, 2019 एवं कार्यकारिणी के उन सदस्यों को जो कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेने के इच्छुक है, उन्हें दिनांक 09.02.2019 का भी विशेष अवकाश स्वीकृत कर दिया जाए।

संगठन के सदस्यों को "विशेष अवकाश" स्वीकृत करने में नियंत्रक अधिकारी द्वारा पाकालि के कार्यालय ज्ञाप सं0–5948(औ0सं0)–17/पाकालि/03–188ए0एस0/96 दिनॉक 31.12.2003 सपठित कार्यालय ज्ञाप सं0–5820(औ0सं0)–17 पाकालि/03–188ए0एस0/96 दिनॉक 04.12.2004 में निर्धारित प्रकिया का निष्ठापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

भवदीय,

(मुकुल सोनकर)
संयुक्त सचिव (पारे0)

संख्याः 291(i)–पारे0अनु0–16/पाट्राकालि/2019 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त निदेशकगण, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन/शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
2. महाप्रबन्धक (औ0सं0), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
3. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0।
4. समस्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0।
5. श्री पंकज सक्सेना, अधिशासी अभियन्ता सम्बद्ध निदेशक (आपरेशन), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को कारपोरेशन की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6. केन्द्रीय अध्यक्ष, राज्य विद्युत कर्मचारी मोर्चा, संगठन, उ0प्र0, 41/201–ग, रामरतन बाजपेई रोड़, नरही, लखनउ को उनके पत्र सं0–399/वि0क0मो0सं0/उ0प्र0/201 दिनांक 30.01.2019 के संदर्भ में।

(मुकुल सोनकर)
संयुक्त सचिव (पारे0)